# कार्यालय उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें
# जिला-कबीरधाम छ०ग०

कलेक्टर कार्यालय के प्रथम तल में कवर्धा जिला–कबीरधाम फोन/फैक्स नं. 07741–232143 मेल ddvskabi.cg@nic.in

क्रमांक/2354 /DMF/स्थापना/2025–26/कबीरधाम, दिनांक 30/10/2025

**–:::: एक मुश्त पारिश्रमिक के आधार पर कार्य करने हेतु विज्ञापन ::::–**

पशुधन विकास विभाग, जिला कबीरधाम छ.ग. अंतर्गत विभागीय पशु चिकित्सा संस्थाओं में पशु चिकित्सा सेवाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु रिक्त पदों पर कार्य करने के संबंध में स्थानीय व्यवस्था के तहत, जिला खनिज न्यास संस्थान (डी.एम.एफ.) मद से सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों के रिक्त पदों में से **09 पदों** पर, **89 दिन** की अवधि के लिए, एक मुश्त पारिश्रमिक के आधार पर (पूर्णतः अस्थाई) कार्य करने के लिए, **कबीरधाम जिले** के निवासी पात्र अभ्यार्थियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक पात्र अभ्यर्थी कार्यालय, उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवाएँ, जिला कबीरधाम, प्रथम तल, संयुक्त जिला कार्यालय, कवर्धा में दिनांक 03.11.2025 से 12.11.2025 तक कार्यालयीन समय प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:30 बजे तक पंजीकृत डाक अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि व समय उपरांत प्राप्त आवेदन स्वीकार/मान्य नहीं किए जाएँगे। विज्ञापन का विस्तृत विवरण तथा निर्धारित आवेदन का प्रारूप कवर्धा जिले के NIC वेबसाईट www.kawardha.gov.in पर अपलोड किया गया है।

30/10/25

उपसंचालक
पशु चिकित्सा सेवायें कबीरधाम छ0ग0

# कार्यालय उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें
# जिला-कबीरधाम छ०ग०

कलेक्टर कार्यालय के प्रथम तल में कवर्धा जिला–कबीरधाम फोन/फैक्स नं. 07741–232143 मेल ddvskabi.cg@nic.in

क्रमांक/2353/DMF/स्थापना/2025–26/कबीरधाम, दिनांक 30/10/2025

**–::::एक मुश्त पारिश्रमिक के आधार पर कार्य करने हेतु विज्ञापन::::–**

पशुधन विकास विभाग, जिला कबीरधाम छ.ग. अंतर्गत विभागीय पशु चिकित्सा संस्थाओं में पशु चिकित्सा सेवाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु रिक्त पदों पर कार्य करने के संबंध में स्थानीय व्यवस्था के तहत, जिला खनिज न्यास संस्थान (डी.एम.एफ.) मद से सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों के रिक्त पदों में से 09 पदों पर, 89 दिन की अवधि के लिए, एक मुश्त पारिश्रमिक के आधार पर (पूर्णतः अस्थाई) कार्य करने के लिए, **कबीरधाम जिले** के निवासी पात्र अभ्यार्थियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक पात्र अभ्यर्थी कार्यालय, उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवाएँ, प्रथम तल, संयुक्त जिला कार्यालय, कवर्धा, जिला कबीरधाम में दिनांक 03.11.2025 से 12.11.2025 तक कार्यालयीन समय प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:30 बजे में, संबंधित पद के लिए आवश्यक दस्तावेजों के साथ, एक–एक स्व–प्रमाणित प्रति संलग्न कर, निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र, पंजीकृत डाक अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत करना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि व समय उपरांत प्राप्त आवेदन स्वीकार/मान्य नहीं किए जाएँगे। रिक्तियों, शैक्षणिक योग्यता, चयन प्रक्रिया तथा आवश्यक नियम–शर्तों का विवरण निम्नानुसार है:–

1. **रिक्तियाँ:–**

| पदनाम | प्रावधानित मद | एकमुश्त मासिक पारिश्रमिक राशि | पद संख्या |
|---|---|---|---|
| सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी | जिला खनिज न्यास संस्थान (डी.एम.एफ.), जिला–कबीरधाम | रू. 18420.00 (अट्ठारह हजार चार सौ बीस रूपए मात्र) | 09 |

2. **शैक्षणिक योग्यता:–**

| पदनाम | कार्यक्रम | योग्यता |
|---|---|---|
| सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी | जिला खनिज न्यास संस्थान (डी.एम.एफ.), जिला–कबीरधाम | मान्यता प्राप्त वेटेनरी पॉलीटेक्निक से डिप्लोमा (Diploma In Animal Husbandry (DAH)) |

3. **चयन प्रक्रिया:–** नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी द्वारा गठित चयन समिति के माध्यम से चयन की कार्यवाही पूर्ण की जावेगी। निर्धारित शैक्षणिक योग्यता की अर्हता के उपरांत साक्षात्कार (Walk In Interview) के माध्यम से उम्मीदवारों का चयन किया जावेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता | मान्यता प्राप्त वेटेनरी पॉलीटेक्निक से Diploma In Animal Husbandry (DAH) |
| 2 | साक्षात्कार/दक्षता/कौशल परीक्षा | 25 अंक |

क्रमशः अगले पृष्ठ पर...

**4. आवश्यक नियम व शर्तेः—**

4.1 सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एकमुश्त पारिश्रमिक राशि देय होगा, इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार के भत्ते/सुविधाएँ देय नहीं होंगी।

4.2 इस पद सेवा हेतु प्रतिमाह एकमुश्त पारिश्रमिक राशि का वित्त—पोषण, जिला खनिज न्यास संस्थान (डी.एम.एफ.) मद, जिला कबीरधाम से प्राप्त राशि से किया जावेगा।

4.3 भर्ती के संबंध में समस्त जानकारी कबीरधाम जिले के NIC वेबसाईट www.kawardha.gov.in पर अपलोड एवं अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया जावेगा।

4.4 प्रशासकीय कारणों से अधिसूचित रिक्तियों में पदों की संख्या घटाई अथवा बढ़ाई अथवा निरस्त की जा सकती है।

4.5 एक मुश्त पारिश्रमिक के आधार पर नियुक्ति की अवधि केवल 89 दिनों के लिए एवं पूर्णतः अस्थाई होगी। भविष्य में विज्ञापित पदों पर सीधी भर्ती होने की स्थिति में यह नियुक्ति स्वतः निरस्त माने जाएँगे।

4.6 आवेदन पत्र के साथ संलग्न समस्त दस्तावेज स्व—प्रमाणित एवं सुव्यवस्थित ढंग से नस्तीबद्ध होना अनिवार्य है।

4.7 अभ्यर्थी को कबीरधाम जिले का निवासी होना चाहिए।

4.8 आवेदन पत्र में निर्दिष्ट स्थान पर अभ्यर्थी का स्व—प्रमाणित नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ का चस्पा होना अनिवार्य है।

4.9 आवेदक की आयु 01.01.2025 की स्थिति में 18 वर्ष से कम तथा 35 वर्ष से अधिक न हो।

4.10 शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थानों में कार्यरत् अभ्यर्थियों को संबंधित संस्थानों के नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र, आवेदन के साथ प्रस्तुत करना आवश्यक होगा, अन्यथा आवेदन पत्र विचारणीय नहीं होगा।

4.11 भर्ती प्रक्रिया के दौरान, जिला प्रशासन द्वारा नियम—शर्तो में परिवर्तन आवेदकों को मान्य होगा।

4.12 भर्ती प्रक्रिया के दौरान विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार, कलेक्टर महोदय, जिला कबीरधाम को होगा, जो सभी आवेदकों को मान्य व बंधनकारी होगा।

4.13 चयनित अभ्यर्थी को कार्य में उपस्थित होने के पश्चात् किसी भी समय 01 माह का नोटिस देकर अस्थाई सेवा समाप्त की जा सकती है। इसी प्रकार अभ्यर्थी को त्याग—पत्र देने के 01 माह पूर्व सूचित करना होगा, अथवा 01 माह का पारिश्रमिक जमा करना अनिवार्य होगा।

4.14 एक माह से अधिक अवधि तक अनाधिकृत अथवा बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहने पर, सेवाएँ स्वमेव समाप्त मानी जाएँगी।

4.15 अस्थाई सेवा की अवधि में किसी भी प्रकार के धरने/हड़ताल/प्रदर्शन इत्यादि में जाने की अनुमति नहीं होगी। धरने/हड़ताल/प्रदर्शन इत्यादि में जाने पर, सेवा से वंचित करने का अधिकार, कलेक्टर महोदय, जिला कबीरधाम को होगा।

4.16 चयन उपरांत, अभ्यर्थी द्वारा दी गई जानकारी असत्य पाई जाती है, तो अस्थाई सेवा समाप्त कर, संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

4.17 आवेदन पत्र के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज निर्धारित क्रम में संलग्न किया जावे, व ऊपरी दांए किनारे पर क्रम संख्या अंकित कर, नस्तीबद्ध किया जावे। (1. निर्धारित प्रारूप में पूर्ण रूपेण भरा आवेदन पत्र, 2. शैक्षणिक योग्यताः 10वीं, 12वीं तथा DAH के समस्त सत्रों/सेमेस्टर के अंकसूचियों की छायाप्रति, 3. निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, 4. अन्य दस्तावेज )

30/10/25

उपसंचालक
पशु चिकित्सा सेवायें कबीरधाम छ0ग0

"सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी की एकमुश्त पारिश्रमिक के आधार पर पूर्णतः अस्थाई नियुक्ति हेतु"

**आवेदन का प्रारूप**

| स्वप्रमाणित फोटोग्राफ्स चस्पा करें |
|---|

**प्रति,**

**उप संचालक**
**पशु चिकित्सा सेवायें,**
**जिला–कबीरधाम छ.ग.**

1. आवेदित पद का नाम :– ..........................................................................
2. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :– ..........................................................................
   (अंग्रेजी के केपिटल लेटर में) :– ..........................................................................
3. पिता / पति का नाम :– ..........................................................................
4. स्थायी पता :– ..........................................................................
   ..........................................................................
   ..........................................................................
5. पत्र व्यवहार का पता :– ..........................................................................
   ..........................................................................
   ..........................................................................
6. दूरभाष नम्बर / मोबाईल नं. :– ..........................................................................
7. जन्मतिथि (अंकों में) :– ..........................................................................
   शब्दों में :– ..........................................................................
8. दिनांक 01.01.2025 को आयु :– वर्ष .................... माह .................... दिन .............
9. क्या आप आयु सीमा में छूट चाहते हैं (हां / नहीं) :– ..........................................................................
   यदि हां तो छूट का आधार (प्रमाण पत्र संलग्न करें)
10. लिंग पुरूष / महिला :– ..........................................................................
11. जाति / वर्ग (अ.जा. / अ.ज.जा. / अ.पि.व. / सामान्य) :– ..........................................................................

12. कबीरधाम जिले (छ.ग.)के स्थायी निवासी हैं (हां/नहीं) :– ..........................................................................

(सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)

13. शैक्षणिक योग्यता :– (जन्म तिथि एवं समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा | उत्तीर्ण वर्ष | बोर्ड/संस्था का नाम | प्राप्तांक/पूर्णांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

14. क्या आवेदक शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में कार्यरत है (हां/नहीं) :– ...............................................
यदि हां तो अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करें

15. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची :–

1. .................................................. 2. .................................................... 3. ..................................................

4. .................................................. 5. .................................................... 6. ..................................................

आवेदक के हस्ताक्षर

## <u>घोषणा – पत्र</u>

मैं ........................................................ आत्मज/आत्मजा/पति श्री ..................................................घोषणा करता/करती हूँ कि, इस प्रपत्र में दिए गए समस्त विवरण तथा संलग्न अभिलेख मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य एवं पूर्ण है। मेरे द्वारा आवेदन पत्र में दी गई जानकारी, चयन के पूर्व या पश्चात् असत्य पाये जाने पर मेरी उम्मीदवारी निरस्त की जा सकेगी। मैं यह भी घोषणा करता/करती हूँ के मेरे द्वारा तथ्य छुपाये जाने पर अथवा गलत तथ्य प्रस्तुत करने की स्थिति में या नियुक्ति हेतु किसी प्रकार की अपात्रता का प्रमाण मिलने पर मेरा चयन/नियुक्ति निरस्त की जा सकेगी तथा नियुक्ति संबंधी मेरे दावे समाप्त हो जायेंगे तथा मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

आवेदक का हस्ताक्षर

स्थान :– .................................. नाम :– ..............................................................

दिनांक :– ................................ मोबाईल नम्बर :– ........................................